वित्त मंत्रालय

डीआरआई ने ऑपरेशन गोल्डमाइन के तहत सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 25.26 करोड़ रुपये मूल्य का 48 कि.ग्रा. सोने का पेस्ट जब्त किया

प्रविष्टि तिथि: 09 JUL 2023 9:17PM by PIB Delhi

ऑपरेशन गोल्डमाइन के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 48.20 कि.ग्रा. सोने का पेस्ट जब्त किया है। यह हाल के दिनों में किसी हवाईअड्डे पर सोने की सबसे बड़ी बरामदगी है।

डीआरआई के अधिकारियों ने विशेष ख़ुफिया सूचना के आधार पर दिनांक 07.07.2023 को सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या IX172 के जरिये शारजाह से आने वाले 3 यात्रियों को पकड़ा। उन पर भारत में तस्करी के लिए पेस्ट के रूप में सोना ले जाने का संदेह था। उनके हैंड बैगेज और चेक-इन बैगेज की जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि 5 काले बेल्ट में छिपाए गए सफेद रंग के 20 पैकेट में कुल 43.5 कि.ग्रा. सोने को पेस्ट के रूप में छिपाया गया था।

यात्रियों से पूछताछ में पता चला कि सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात अधिकारियों की मदद से भारत में तस्करी के लिए सोना छिपाया गया था। अधिकारियों द्वारा स्क्रीनिंग और जांच से बचने के लिए आव्रजन के समीप शौचालय में सोने का आदान-प्रदान करने की योजना बनाई गई थी। बाद में की गई कार्रवाई के तहत पेस्ट के रूप में 4.67 कि.ग्रा. सोना और बरामद हुआ। इसे आव्रजन चेक पाइंट के समीप पुरुषों के शौचालय में छोड़ दिया गया था। सीआईएसएफ ने इसे बरामद कर डीआरआई को सौंप दिया। यात्रियों से बरामद कुल 48.20 कि.ग्रा. सोने के पेस्ट को निष्कर्षण के लिए भेज दिया गया जहां उससे 42 कि.ग्रा. से अधिक शुद्ध सोना (शुद्धता 99 प्रतिशत) प्राप्त हुआ। उसका मूल्य लगभग 25.26 करोड़ रुपये है।

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए और उनकी भूमिका के आधार पर एक अधिकारी सहित 3 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की जांच से ऐसा लगता है कि सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक संगठित तस्करी रैकेट चल रहा है। पूरे गिरोह को खत्म करने के लिए हवाई अड्डे पर अधिकारियों सहित अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

डीआरआई की इस कार्रवाई से तस्करी गिरोह के संचालन का भंडाफोड़ हुआ है। यह बरामदगी देश में कीमती वस्तुओं की अवैध तस्करी से निपटने के लिए डीआरआई द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास का हिस्सा है।

****

एमजी/एमएस/आरपी/एसकेसी/एजे

(रिलीज़ आईडी: 1938385) आगंतुक पटल : 358

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Telugu